विश्व पर्यावरण दिवस पर आठ किमी लम्बे एरिया में चलेगी स्वच्छता की झाडू

हेरिटेज निगम चलाएगा नाहरगढ़ में वृहद सफाई अभियान

जयपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पांच जून को हेरिटेज नगर निगम नाहरगढ़ पर विशेष वृहद सफाई अभियान आयोजित करेगा। इस दौरान सुबह छह बजे से नौ बजे तक कनक वृन्दावन घाटी से नाहरगढ़ किले तक करीब आठ किलोमीटर लम्बे क्षेत्र में ये विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। अभियान को लेकर अतिरिक्त आयुक्त डा. रौनक बैरागी ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पर आमजन को पर्यावरण संरक्षण करने का संदेश देने के लिए नाहरगढ़ पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। इस सफाई अभियान को लेकर हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर कार्यक्रम संयोजन टीम बनाई गई है। सफाई अभियान के लिए हवामहल कृ आमेर जोन उपायुक्त करतार सिंह को नोडल ऑफिसर बनाया है। साथ ही निगम के सभी जोन उपायुक्त और शाखा प्रभारियों को भी अन्य जिम्मेदारियां दी गई है। श्रमदान में आने वाले लोगों के लिए जलमहल पर पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। वहीं से टीम बनाकर निगमकर्मी और शहरवासी सफाई के लिए जाएंगे। इस दौरान श्रमदान करने वाले लोगों के लिए दो जगह हेल्प डेस्क भी बनाई जाएगी।

हर आधा किलोमीटर पर बनेगा सफाई का जोन

सफाई के लिए कनकघाटी टी प्वाइंट से नाहरगढ़ किले तक के पूरे मार्ग को दस जोन में बांटा जाएगा। प्रत्येक जोन में 100 लोगों की टीम के रूप में श्रमदान कर नाहरगढ़ को प्लास्टिक और गंदगी मुक्त करेंगे। प्रत्येक 500 मीटर पर सफाई का जोन बनाया गया है। जिसमें जोन प्रभारी अपनी टीम के साथ सफाई करेगा। इनके साथ हूपर भी होगा।

आयुक्त सुराणा ने की शहरवासियों से श्रमदान की अपील

हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि इस विशेष सफाई अभियान में हेरिटेज निगम के स्वच्छता प्रहरी, निगमकर्मी, अधिकारी, सतर्कता सदस्य भी श्रमदान करेंगे। आयुक्त सुराणा ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर होने वाले वृहद सफाई अभियान को लेकर आमजन से अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करने और जयपुर के एतिहासिक धरोहरों को सहेजने लिए पांच जून को नाहरगढ़ में होने वाले सफाई अभियान में श्रमदान शहरवासी हिस्सा लें, जिससे कि सभी मिलकर नाहरगढ़ को स्वच्छ और कचरा मुक्त बना पाएं।